# SVEEP कार्यक्रम के अन्तर्गत विभिन्न सामचार पत्रों में प्रकाशित पेपर कटिंग स्वीप, बागेश्वर

(विधान सभा उप चुनाव निर्वाचन–2023)

# घर-घर जाकर दिव्यांग वोटरों का भरेंगे फार्म




बागेश्वर तहसील में आयोजित प्रशिक्षण में रिटर्निंग आफिसर हरगिरी (बाएं) ● जागरण

**जासं, बागेश्वर** : विधानसभा उपचुनाव के लिए आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया। वह घर-घर जाकर दिव्यांग और 80 वर्ष से अधिक उम्र के वोटरों से संपर्क करेंगे। उनकी राय जानेंगे कि वह बूथ पर वोट देने जाएंगे या फिर घर पर मतदान करेंगे। उसी आधार पर मतदान कराने की व्यवस्था सुनिश्चित होगी।

तहसील सभागार में शनिवार को जिलेभर की आंगनबाड़ी और आशा कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। रिटर्निंग आफिसर हरगिरी ने शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि जिले में 893 पुरुष और 463 महिला दिव्यांग वोटर हैं। इसके अलावा 80 प्लस मतदाता भी हैं। जिनमें से पोलिंग बूथ तक जाने में असमर्थ मतदाताओं को चिह्नित किया जाएगा।

यह काम आशाओं और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सौंपा गया है। वह शतप्रतिशत मतदान के लिए उन्हें जागरूक करेंगे। घर-घर जाकर उनसे मतदान के बारे में जानकारी लेंगे। उनका फार्म आदि भी भरेंगे। उनकी जरूरत की जानकारी भी जुटाएंगे। संचालन तहसीलदार दीपिका आर्य ने किया।

amarujala.com अमर उजाला 4
नैनीताल ■ सोमवार, 28 अगस्त 2023

# स्वीप टीम ने मतदान के लिए प्रेरित किया

बागेश्वर। रविवार को सहायक नोडल अधिकारी आलोक पांडेय और ब्लॉक प्रभारी उमेश जोशी के नेतृत्व में स्वीप की टीम जिले के अंतिम गांव दाबू पहुंची। लोगों को शतप्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया। दाबू पहुंचने के लिए स्वीप की टीम ने बागेश्वर से 40 किमी का सफर वाहन से तय किया। पांच किमी का उबड़-खाबड़ रास्ता तय कर गांव पहुंची। टीम ने गांव के लोगों को मतदान का महत्व समझाया। टीम के सुरेश चंद्र खोलिया ने शतप्रतिशत मतदान की मतदान करने की शपथ दिलाई। संवाद



वस्थाएं करने के निर्देश दिए

## मतदाताओं को दिलाई शत प्रतिशत मतदान की शपथ

**बागेश्वर।** विधानसभा उपचुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप की टीम गांव-गांव जागरूकता अभियान चला रही है। स्वीप की अलग-अलग टीमों ने बागेश्वर और गरुड़ विकासखंड के ग्रामीण अंचलों में जाकर लोगों को मतदान का महत्व बताया और मतदाताओं को अनिवार्य रूप से वोट डालने के लिए प्रेरित किया।

बागेश्वर विकासखंड के कठपुड़ियाछीना, असों, तरमोली आदि गांवों में स्वीप टीम के राजीव निगम, ललित मोहन जोशी और प्रकाश टाकुली ने लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया। उन्होंने वोटर हेल्पलाइन एप की जानकारी दी। बुजुर्ग मतदाताओं को मिलने वाली सुविधा के बारे में बताया।

गरुड़ के स्वीप ब्लॉक प्रभारी उमेश जोशी के नेतृत्व में टीम ने गढ़खेत, सौल्या बजानी, डंडाखाल, तिलसारी, अयारतोली आदि गांवों में जाकर नुक्कड़ सभा, जागरूकता रैली के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया।

लोगों को मतदान से संबंधित हेल्पलाइन नंबर 1950, सी विजिल एप की जानकारी दी। मतदान के लिए दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं को मिलने वाली सुविधा, आसक्त लोगों को घर पर ही मतदान की सुविधा के बारे में बताया। कार्यक्रम में शामिल मतदाताओं ने शत प्रतिशत मतदान करने की शपथ भी ली। इस मौके पर नीरज पंत, सुरेश चंद्र खोलिया, गिरीश पंत, गोपाल प्रसाद आदि मौजूद रहे। संवाद

# स्वीप की टीम ने गरुड़ के कई गांवों में मतदान का महत्व समझाया

गरुड़ (बागेश्वर)। स्वीप की टीम ने विकास खंड के विभिन्न गांवों में जाकर मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया। स्वीप के ब्लॉक प्रभारी उमेश जोशी ने कहा कि दिव्यांग मतदाता अपने घर से मत ही दे सकते है। उन्होंने विद्यार्थियों से हर मतदाता को मतदान के महत्व के बारे में जानकारी देने को कहा। उन्होंने कहा कि मतदान के दिन स्वीप की टीम वृद्ध मतदाताओं को मतदान केंद्र तक ले जाने की व्यवस्था भी करेगी।

स्वीप की टीम ने तिलसारी, मटे, पिंगलों, मैगड़ीस्टेट, गागरीगोल, पुरुड़ा, मन्यूड़ा आदि गांवों के मतदाताओं को जागरूक किया। जागरूकता अभियान में नीरज पंत, शंकर टम्टा, मोहन चंद्र जोशी, सुरेश खोलिया, गिरीश पंत, ममता जोशी, सुरेंद्र सिंह बिष्ट, हरि मोहन कंसेरी, गोपाल प्रसाद आदि शामिल थे।

# तिलस्यारी में निकाली मतदान जागरूकता रैली

गरुड़। बूथ तिलसारी, पूर्वी अयारतोली समेत दूरस्थ क्षेत्रों में मतदाता साक्षरता क्लब के तहत आगामी विधानसभा निर्वाचन में शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरुकता रैली का आयोजन किया गया। प्रत्येक मतदाता को आगामी 5 सितम्बर को शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं को घर से ही वोट देने के लिए जानकारी दी गई।

सह नोडल स्वीप उमेश जोशी ने सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता तथा मतदान से संबंधित वोटर हेल्पलाइन नंबर 1950, सी विजिल एप, वोटर हेल्पलाइन और दिव्यांग मतदाता मतदान के संबंध में जानकारी दी और क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, बच्चों को आकर्षक पुरस्कार दिए गए। इस दौरान गोविंद प्रसाद कुनियाल, नीरज पंत, सुरेश चंद्र खोलिया, प्रधानाचार्य ममता जोशी, सुरेंद्र बिष्ट, गिरीश पंत आदि रहे।

# वॉल पेंटिंग कर मतदाताओं को जागरूक किया




**गरुड़ (बागेश्वर)।** स्वीप की टीम ने मतदाता जागरूकता अभियान के तहत राइंका गरुड़ के सामने की दीवारों पर पेंटिंग कर मतदाताओं को जागरूक किया। जागरूकता अभियान के तहत स्वीप की टीम ने छात्रों से हर व्यक्ति को मतदान के बारे में जानकारी देने को कहा। स्वीप के जिला सचिव आलोक पांडे के नेतृत्व में विकास खंड गरुड़ के विभिन्न स्कूल कॉलेजों के छात्र- छात्राओं ने राइंका गरुड़ के सामने दीवार पर पेंटिंग की और अपने बूथ पर शत प्रतिशत मतदान कराने का संकल्प लिया। पेंटिंग प्रतियोगिता में राइंका गरुड़, वज्यूला, गागरीगोल, कौसानी, पाये आदि क्षेत्र के स्कूलों के बच्चों ने प्रतिभाग किया। अभियान में स्वीप के ब्लॉक सचिव उमेश जोशी, नीरज पंत, प्रीति नेगी, श्याम चरण पाटनी, पंकज भारती, मुरसिल सिद्दीकी ,जेपी कुनियाल आदि ने प्रतिभाग किया। संवाद




गरुड़ के सुदूरवर्ती गैरलेख में स्वीप की टीम का मतदातन जागरूकता अभियान। संवाद

# मतदाता जागरूकता अभियान चलाया

**बागेश्वर/गरुड़।** स्वीप की टीम मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए गांव-गांव जाकर जागरूकता अभियान चला रही है। स्वीप के बागेश्वर ब्लॉक प्रभारी ललित मोहन जोशी और कन्हैया वर्मा ने पगना, खोलागांव, पिहरगांव जाकर नुक्कड़ सभाएं की।

स्वीप की टीम ने विकास खंड के अणां, लोहारचौरा, माल्दे, गैरलेख के मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया। स्वीप के जिला सचिव आलोक पांडे ने मतदाताओं को मतदान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जागरूकता अभियान में उमेश जोशी, सुरेश खोलिया, डीएल वर्मा, जेपी कुनियाल शामिल थे। संवाद




लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करती स्वीप टीम। संवाद

# सेल्फी प्वाइंट से मतदाताओं को किया जागरूक

संसू, गरुड़ : स्वीप की टीम ने गरुड़ में सेल्फी प्वाइंट से मतदाताओं को जागरूक किया। सेल्फी लेने वालों की भीड़ उमड़ पड़ी। सेल्फी प्वाइंट के जरिए मतदाताओं से शत प्रतिशत मतदान की अपील की गई। स्वीप के सह नोडल अधिकारी उमेश जोशी ने सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता तथा मतदान से संबंधित वोटर हेल्पलाइन नंबर 1950, सी विजिल एप, वोटर हेल्पलाइन और दिव्यांग मतदाता मतदान के संबंध में जानकारी दी। सेल्फी प्वाइंट का निर्माण मिलिंद बिष्ट व राजेश्वरी कार्की ने किया है। इस दौरान पूर्व बीईओ जीपी कुनियाल, नीरज पंत, सुरेश खोलिया, मोहन जोशी आदि उपस्थित थे।

अध्यक्ष नरेंद्र बिष्ट, कुंदन लाल, बंगारी, भूपाल सिंह, महेंद्र सिंह,

# शतप्रतिशत मतदान को वोटरों ने किए हस्ताक्षर

जागरण संवाददाता, बागेश्वर : विधानसभा चुनाव को लेकर मतदाता जागरूकता रथ सीमांत गांवों में पहुंचा। जहां लोगों ने शतप्रतिशत मतदान के लिए हस्ताक्षर किए। आयोजित चौपाल में उन्हें मतदाता हेल्पलाइन 1950 की जानकारी प्रदान की गई।

जन जागरूकता रथ को स्वीप टीम लीड कर रही है। मंगलवार को सीमांत गांव पगना, महरुढ़ी, बेहरगांव, खोलागांव आदि स्थानों पर चौपाल आयोजित की गई। ब्लाक प्रभारी ललित जोशी ने मतदाताओं को जागरूक किया। उन्होंने सी विजील और सक्षम एप की जानकारी दी। कहा कि लोकतंत्र के भाग्य विधाता जागरूक मतदाता हैं। मतदान शतप्रतिशत कराना है। कन्हैया वर्मा ने विभिन्न एपों के माध्यम से लोकतंत्र के पर्व पर वोट का संकल्प लेने का आह्वान किया। इस दौरान नोडल अधिकारी आलोक पांडे आदि उपस्थित थे।




गरुड़ के दूरस्थ क्षेत्र गैरलेख में मतदान जागरूकता रैली निकालते स्कूली बच्चे● जागरण

# हाथों में पोस्टर लेकर निकलने बच्चे

संवाद सूत्र, गरुड़ : स्वीप की टीम दूरस्थ क्षेत्र गैरलेख पहुंची। यहां स्कूली बच्चों ने मतदान जागरूकता रैली निकाली। लोगों से शत-प्रतिशत मतदान करने को कहा।

स्वीप के सह नोडल अधिकारी उमेश जोशी ने सी विजिल एप के प्रयोग पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि कोई मतदान करने के लिए लालच देता है, धन की पेशकस करता है, डराता या धमकाता है, तो उसका वीडियो या आडियो या फोटो, बिना अपनी पहचान बताए निर्वाचन विभाग से साझा कर सकता है। जिसमें त्वरित कार्रवाई होती है। उन्होंने किसी भी मतदान संबंधी एवं मतदेय स्थल की जानकारी के लिए हेल्प लाईन नंबर 1950 पर काल करने के लिए भी जागरूक किया। इस दौरान जीपी कुनियाल, सुरेश चंद्र खोलिया, डीएल वर्मा, आनंद बिष्ट आदि उपस्थित थे।

बागेश्वर उपचुनाव में मतदान के लिए किसी तरह मनाया स्वीप टीम ने, कहा-सड़क नहीं बनी तो लोस चुनाव में बहिष्कार करेंगे

# सड़क के लिए मतदान बहिष्कार पर अड़े ग्रामीण

रोड का रंज

**बागेश्वर, संवाददाता।** गरुड़ तहसील के मनाखेत कुरसाली के ग्रामीणों ने बागेश्वर विधानसभा और लोकसभा चुनाव का बहिष्कार का एलान किया। इसके बाद स्वीप की टीम गांव पहुंची। वहां पहुंचने पर उन्हें भी ग्रामीणों की नाराजगी झेलनी पड़ी। ग्रामीणों ने टीम को विरोध की वजह सड़क न होना बताया। उन्होंने कहा कि वे 20 साल से आंदोलन कर रहे हैं, लेकिन आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई। बाद में स्वीप टीम ने उन्हें किसी तरह विधानसभा उपचुनाव में मतदान के लिए मनाया। इसके बावजूद ग्रामीण लोकसभा चुनाव में बहिष्कार पर अडिग रहे।

**20** साल से सड़क बनाने की मांग कर रहे ग्रामीण

**12** सौ की आबादी हो रही प्रभावित सड़क न होने से



गरुड़ के कुलसारी गांव के लोगों के साथ बैठक करती स्वीप की टीम। ● हिन्दुस्तान

कुलसारी के ग्रामीण 20 साल से सड़क की मांग कर रहे थे, लेकिन उनकी मांग आज तक पूरी नहीं हो पाई। इससे नाराज ग्रामीणों ने गत दिनों विधानसभा उपचुनाव और लोकसभा चुनाव का बहिष्कार का एलान किया।

इधर, रविवार को स्वीप टीम मतदान बढ़ाने के लिए लोगों को जागरूक कर रही है। इसी क्रम में टीम रविवार को कुलसारी मनाखेत गांव पहुंची। उन्होंने ग्रामीणों से मतदान में भाग लेने की अपील की।

ग्रामीणों ने समस्या से अवगत कराया। टीम ने उन्हें सड़क की समस्या जल्द प्रशासन तक पहुंचाने का आश्वासन दिया।

“ लंबे समय से हम सड़क की मांग कर रहे हैं, लेकिन कोई सुनने को तैयार नही है। ग्रामीणों ने एकमत होकर उपचुनाव में मतदान के बहिष्कार की ठानी है। गांव कई गंभीर समस्याओ से जूझ रहा है। रविवार को स्वीप टीम ने हमारी बातों को प्रशासन तक पहुंचाने का आश्वासन दिया है। इस उपचुनाव में हम मतदान करेंगे, लेकिन लोकसभा चुनाव से पहले मांग पूरी नहीं हुई तो लोकसभा चुनाव का बहिष्कार किया जाएगा।

**महेंद्र सिंह बिष्ट,** ग्राम प्रधान कुलसारी।

## ठोस कदम उठाने की मांग

टीम के मनाने पर ग्रामीण विधानसभा उपचुनाव में मतदान के लिए राजी हुए। इसके बाद उन्होंने मतदान करने के लिए शपथ भी ली। ग्रामीणों ने कहा कि इसके बाद भी यदि ठोस कदम नही उठाया गया तो वे लोग लोकसभा चुनाव में बहिष्कार करेंगे। इस दौरान सहायक नोडल अधिकारी आलोक पांडेय, कन्हैया वर्मा, उमेश जोशी आदि रहे।

# बुजुर्ग कई वर्षों से नहीं गए कुरसाली गांव से बाहर

■ **जगदीश उपाध्याय**

**बागेश्वर।** गरुड़ तहसील के मनाखेत, कुरसाली गांव में सड़क की सुविधा नहीं होने से सर्वाधिक समस्या बुजुर्ग और गर्भवती महिलाओं के सामने है। गांव के कई बुजुर्ग तो कई वर्षों से अपने गांव से बाहर नहीं निकल पाए हैं। वे अधिक पैदल नहीं चल सकते। सड़क न होने से उनका गांव से बाहर निकलना भी मुश्किल हो गया है। यही कारण है कि गांव से लगातार पलायन हो रहा है।

मनाखेत कुरसाली गांव सड़क से तीन किमी दूर है। सात तोकों को समेटे गांव के लोग 20 साल से सड़क की मांग कर रहे हैं, लेकिन सड़क आज तक नहीं बन पाई है। सड़क के अभाव में 10-12 बुजुर्ग लंबे समय से गांव से बाहर तक नहीं आ पाए हैं। वह एक तरह से गांव में कैद होकर रह गए हैं। गांव में मनाखेत, कुरसाली, चणना, एडिया, लड़खेत, बयाली, रीठा तोक शामिल हैं। पूरे गांव की आबादी 1200 से अधिक है। गांव से अब तक 40 प्रतिशत पलायन हो चुका है। सड़क नहीं होने से बीमार, गर्भवती और बुजुर्गों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों को भी बच्चों को हर दिन दो किमी दूर तक छोड़ना पड़ता है। ग्राम प्रधान महेंद्र बिष्ट ने बताया कि मनाखेत कुरसाली गांव में प्राइमरी स्कूल है, जहां 25 बच्चे पढ़ते हैं। बरसात में नदी पास करने से बचने के लिए आने पर बच्चों को पांच किमी का सफर तय कर स्कूल जाना पड़ता है।

# डीएम ने किया जागरूकता रथ को रवाना



रथ को झंडी दिखाती जिलाधिकारी अनुराधा पाल व अन्य

**बागेश्वर।** बागेश्वर सीट पर उप चुनाव में निष्पक्ष व शत-प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं को जागरूक करने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराधा पाल ने सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। स्वीप रथ बागेश्वर विधानसभा क्षेत्र के गांवों में जाकर मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करेगा। मजबूत लोकतंत्र के लिए सबकी भागीदारी थीम पर मतदाताओं को जागरूक किया जायेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने रथ को रवाना करते हुए कहा कि मतदान लोकतंत्र का अनिवार्य हिस्सा है। सभी मतदाताओं को बिना किसी दबाव में निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान प्रक्रिया में भाग लेकर लोकतंत्र को मजबूत करना चाहिए। उन्होंने प्रत्येक नागरिक को बिना किसी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना अपने मताधिकार का प्रयोग करने को कहा। उन्होंने सभी मतदाओं से स्वतंत्र, निष्पक्ष व निर्भय होकर मतदान करने की अपील की। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदाता जागरूकता हस्ताक्षर अभियान की भी शुरुआत की। इस अवसर पर सहायक नोडल अधिकारी स्वीप कैलाश प्रकाश चंदोला, आलोक पांडे, ललित मोहन जोशी, आरिफ खान आदि मौजूद रहे।

## चुनाव में अहम भूमिका निभाएंगे वरिष्ठ नागरिक

**बागेश्वर।** बागेश्वर आरक्षित सीट पर होने जा रहे उपचुनाव में सीनियर सिटीजन अहम भूमिका निभाएंगे। पिछले कई चुनावों में वरिष्ठ नागरिकों ने भागीदारी कर कई लोगों को चुनाव जिताए हैं। बता दें कि बागेश्वर सीट पर मुख्य रूप से भाजपा और कांग्रेस में चुनावी संघर्ष होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। दोनों पार्टियों के पास अपना-अपना बोट बैंक है। ये दोनों पार्टियां चुनाव मैदान में खुलकर उतर चुकी हैं। वहीं, जिले में वरिष्ठ नागरिक जन कल्याण न्यास (सीनियर सिटीजन ) लंबे समय से अपना कुनबा बढ़ा चुका है। यहां संगठन के पास 60 वर्ष से अधिक आयु वाले बड़ी संख्या में लोग हैं। इनकी खुले तौर पर कोई चर्चा नहीं करता है। जबकि यह वर्ग चुनाव परिणामों को बदलने की ताकत रखता है। दोनों पार्टियां युवा वर्ग की बात करते हुए युवाओं को साथ लेकर चुनाव लड़ने को मैदान में हैं। वर्तमान में न्यास के अध्यक्ष दलीप सिंह खेतवाल है। जो मूलत: एक उद्योगपति है। वह लगातार पहाड़ों में युवाओं के रोजगार, नशा मुक्ति एवं स्वरोजगार के लिए लोगों को प्रेरित करते हैं। उनके स्वर में स्वर मिलाते हुए सीनियर सिटीजन भी अब उनके जनकल्याणकारी मुद्दों को लेकर सभाएं, चर्चा एवं बैठकें करते रहते है। लेकिन, देखने वाली बात यह है जिले के सीनियर सिटीजन को इस बार अपने पाले में कौन सी राजनीतिक पार्टी सफल रहती है।

# दीवार पर चित्र उकेर मतदान का संदेश दिया

## विद्यार्थियों ने जागरूकता चित्र और स्लोगन से रंगी जीआईसी वज्यूला की दीवार

**संवाद न्यूज एजेंसी**



बागेश्वर के राइंका वज्यूला में वॉल पेंटिंग करते विद्यार्थी। संवाद

**बागेश्वर।** विधानसभा उपचुनाव में शत प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं को विभिन्न माध्यमों से जागरूक किया जा रहा है। अभियान के तहत जीआईसी वज्यूला में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने वॉल पेंटिंग की। विद्यालय की बाहरी दीवार पर जागरूकता चित्र और स्लोगन अंकित किए। जिले के अन्य क्षेत्रों में भी जागरूकता कार्यक्रम किए गए।

स्वीप के माध्यम से आयोजित वॉल पेंटिंग में जीसाईसी वज्यूला, राउमावि कोटफुलवाड़ी, जूनियर हाईस्कूल अयारतोली के विद्यार्थियों ने भागीदारी की। कला समन्वयक राजेश्वरी कार्की और डॉ. हरीश दफौटी के निर्देशन में विद्यार्थियों ने निर्वाचन आयोग की ओर से जारी वोटर हेल्पलाइन एप और नंबर, मतदाताओं को प्रेरित करने वाले स्लोगन दीवार पर उकेरे। वॉल पेंटिंग के दौरान ब्लॉक प्रभारी उमेश चंद्र जोशी और कन्हैया वर्मा ने सेल्फी प्वाइंट स्थापित कर मतदाताओं को जागरूक किया। इस मौके पर स्वीप के सहायक नोडल अधिकारी आलोक पांडेय, प्रधानाचार्य दीपक आर्या आदि मौजूद रहे।

इधर, स्वीप की दूसरी टीम ने काफलीगैर तहसील क्षेत्र के टाना, खौलसीर, सैंज आदि गांवों में नुक्कड़ सभा और मतदाता हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से लोगों को शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर ललित मोहन जोशी, राजीव निगम, प्रकाश टाकुली मौजूद रहे।

बागेश्वर उपचुनाव में मतदान के लिए किसी तरह मनाया स्वीप टीम ने, कहा-सड़क नहीं बनी तो लोस चुनाव में बहिष्कार करेंगे

# सड़क के लिए मतदान बहिष्कार पर अड़े ग्रामीण

रोड का रंज

**20** साल से सड़क बनाने की मांग कर रहे ग्रामीण

**12** सौ की आबादी हो रही प्रभावित सड़क न होने से

**बागेश्वर, संवाददाता।** गरुड़ तहसील के मनाखेत कुरसाली के ग्रामीणों ने बागेश्वर विधानसभा और लोकसभा चुनाव का बहिष्कार का एलान किया। इसके बाद स्वीप की टीम गांव पहुंची। वहां पहुंचने पर उन्हें भी ग्रामीणों की नाराजगी झेलनी पड़ी। ग्रामीणों ने टीम को विरोध की वजह सड़क न होना बताया। उन्होंने कहा कि वे 20 साल से आंदोलन कर रहे हैं, लेकिन आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई। बाद में स्वीप टीम ने उन्हें किसी तरह विधानसभा उपचुनाव में मतदान के लिए मनाया। इसके बावजूद ग्रामीण लोकसभा चुनाव में बहिष्कार पर अडिग रहे।

कुलसारी के ग्रामीण 20 साल से सड़क की मांग कर रहे थे, लेकिन उनकी मांग आज तक पूरी नहीं हो पाई। इससे नाराज ग्रामीणों ने गत दिनों विधानसभा उपचुनाव और लोकसभा चुनाव का बहिष्कार का एलान किया।

इधर, रविवार को स्वीप टीम मतदान बढ़ाने के लिए लोगों को जागरूक कर रही है। इसी क्रम में टीम रविवार को कुलसारी मनाखेत गांव पहुंची। उन्होंने ग्रामीणों से मतदान में भाग लेने की अपील की।

ग्रामीणों ने समस्या से अवगत कराया। टीम ने उन्हें सड़क की समस्या जल्द प्रशासन तक पहुंचाने का आश्वासन दिया।


गरुड़ के कुलसारी गांव के लोगों के साथ बैठक करती स्वीप की टीम। • हिन्दुस्तान

" लंबे समय से हम सड़क की मांग कर रहे हैं, लेकिन कोई सुनने को तैयार नहीं है। ग्रामीणों ने एकमत होकर उपचुनाव में मतदान के बहिष्कार की ठानी है। गांव कई गंभीर समस्याओं से जूझ रहा है। रविवार को स्वीप टीम ने हमारी बातों को प्रशासन तक पहुंचाने का आश्वासन दिया है। इस उपचुनाव में हम मतदान करेंगे, लेकिन लोकसभा चुनाव से पहले मांग पूरी नहीं हुई तो लोकसभा चुनाव का बहिष्कार किया जाएगा।

**महेंद्र सिंह बिष्ट,** ग्राम प्रधान कुलसारी।

## ठोस कदम उठाने की मांग

टीम के मनाने पर ग्रामीण विधानसभा उपचुनाव में मतदान के लिए राजी हुए। इसके बाद उन्होंने मतदान करने के लिए शपथ भी ली। ग्रामीणों ने कहा कि इसके बाद भी यदि ठोस कदम नहीं उठाया गया तो वे लोग लोकसभा चुनाव में बहिष्कार करेंगे। इस दौरान सहायक नोडल अधिकारी आलोक पांडेय, कन्हैया वर्मा, उमेश जोशी आदि रहे।

# बुजुर्ग कई वर्षों से नहीं गए कुरसाली गांव से बाहर

■ **जगदीश उपाध्याय**

**बागेश्वर।** गरुड़ तहसील के मनाखेत, कुरसाली गांव में सड़क की सुविधा नहीं होने से सर्वाधिक समस्या बुजुर्ग और गर्भवती महिलाओं के सामने है। गांव के कई बुजुर्ग तो कई वर्षों से अपने गांव से बाहर नहीं निकल पाए हैं। वे अधिक पैदल नहीं चल सकते। सड़क न होने से उनका गांव से बाहर निकलना भी मुश्किल हो गया है। यही कारण है कि गांव से लगातार पलायन हो रहा है।

मनाखेत कुरसाली गांव सड़क से तीन किमी दूर है। सात तोकों को समेटे गांव के लोग 20 साल से सड़क की मांग कर रहे हैं, लेकिन सड़क आज तक नहीं बन पाई है। सड़क के अभाव में 10-12 बुजुर्ग लंबे समय से गांव से बाहर तक नहीं आ पाए हैं। वह एक तरह से गांव में कैद होकर रह गए हैं। गांव में मनाखेत, कुरसाली, चणना, एडिया, लड़खेत, बयाली, रीठा तोक शामिल हैं। पूरे गांव की आबादी 1200 से अधिक है। गांव से अब तक 40 प्रतिशत पलायन हो चुका है। सड़क नहीं होने से बीमार, गर्भवती और बुजुर्गों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों को भी बच्चों को हर दिन दो किमी दूर तक छोड़ना पड़ता है। ग्राम प्रधान महेंद्र बिष्ट ने बताया कि मनाखेत कुरसाली गांव में प्राइमरी स्कूल है, जहां 25 बच्चे पढ़ते हैं। बरसात में नदी पास करने से बचने के लिए आने पर बच्चों को पांच किमी का सफर तय कर स्कूल जाना पड़ता है।

# मतदान बढ़ाने को किया जागरूक

बागेश्वर। राजकीय इंटर कॉलेज गागरीगोल में मतदाता साक्षरता क्लब ने विधानसभा निर्वाचन में शत-प्रतिशत मतदान के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाया। स्वीप टीम ने मतदान के महत्व के बारे में बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्रबंधक दीपक पाठक ने की। इस अवसर पर स्वीप के सहायक नोडल अधिकारी आलोक पांडे ने सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता के बारे में बताया। इस दौरान गोविंद प्रसाद कुनियाल, प्रधानाचार्य किशन सिंह धापला, विद्यालय क्लब प्रभारी हेम उपाध्याय, स्वीप टीम के ब्लॉक प्रभारी आदि रहे।

## चुनाव संपन्न कराने के लिए 824 कर्मी तैनात, सामग्री के लिए 250 बैग तैयार

# वेबकास्टिंग के लिए चौरानबे बूथ चिह्नित, मतदान पार्टियां ग[illegible]

बागेश्वर उपचुनाव



बागेश्वर में सोमवार को शत-प्रतिशत मतदान के लिए वॉल पेंटिंग करती स्वीप की टीम। । हिन्दुस्तान

**बागेश्वर,संवाददाता** बागेश्वर विधानसभा के लिए होने वाले उपचुनाव की तैयारी तेज हो गई है। सामान्य, व्यय व पुलिस प्रेक्ष के अलावा राज्य चुनाव निर्वाचन अधिकारी यहां पहुंचकर बैठक ले चुके हैं। 94 बूथ वेबकास्टिंग के लिए चिह्नित कर लिए हैं। मतदान सामग्री के लिए 250 बैग तैयार कर लिए हैं। 23 तथा 24 अगगस्त को मतदान कर्मियों को दूसरे चरण का रेंडमाइजेशन होगा।

पीठासीन व मतदान अधिकारियों के प्रशिक्षण के बाद मतदान पार्टियों को गठन हो गया है, मतदान पार्टी में एक पीठासीन अधिकारी के साथ ही मतदान अधिकारी प्रथम, द्वितीय व तृतीय तैनात होंगे। 88 बूथों के लिए रिजर्व सहित 206 पीठासीन, 206 मतदान प्रथम, 206 मतदान द्वितीय तथा 206 मतदान तृतीय अधिकारियों की तैनाती हुई, कुल 824 मतदान कार्मिकों की तैनाती की गई। मतदान कार्मिकों को द्वितीय प्रशिक्षण 23 व 24 अगस्त को डिग्री कॉलेज में होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराधा पाल ने बताया कि निर्वाचन के लिए पर्याप्त ईवीएम व वीवीपैट उपलब्ध है, जिनका प्रथम रेंडमाईजेशन किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि मतदान सामग्री के 250 बैग तैयार किए जा रहे है, साथ ही वेबकास्टिंग के लिए 94 बूथों का चिह्ननीकरण कर सर्वे भी कर लिया गया है। मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी ने कहा कि मतदान कर्मी टीम भावना से मिलजुल कर कार्यो को अंजाम दें।

### शत-प्रतिशत मतदान के लिए वॉल पेंटिंग

बागेश्वर। स्वीप टीम ने उपचुनाव में शतप्रतिशत मतदान के लिए जागरूकता को वाल पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने सुंदर पेंटिंग बनाई। लोगों को मतदान का मतलब बताया और 18 वर्ष होने पर वोट डालने के लिए प्रेरित किया। राइंका वज्यूला की कला समन्वयक राजेश्वरी कार्की, डॉ. हरीश दफौटी के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता के तहत वाल पेंटिंग का आयोजन किया गया। राइंका वज्यूला के अलावा जनता जूनियर हाईस्कूल अयारतोली, राउमावि कोट फुलवाड़ी आदि के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। छात्र-छात्राओं ने विभिन्न स्लोगन, सी-विजील व सक्षम एप आदि की सुंदर वाल पेंटिंग्स बनाई। डॉ. दफौटी ने बताया कि विभिन्न एप के माध्यम से मतदान में शत-प्रतिशत प्रतिभाग करने के लिए जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान नोडल अधिकारी आलोक पांडे, प्रधानाचार्य राइंका दीपक आदि उपस्थित थे।

# तिलस्यारी में निकाली मतदान जागरूकता रैली

संवू, गरुड़ : बूथ तिलस्यारी, पूर्वी अयारतोली समेत दूरस्थ क्षेत्रों में मतदाता साक्षरता क्लब के तहत आगामी विधानसभा निर्वाचन में शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। प्रत्येक मतदाता को आगामी पांच सितम्बर को शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं को घर से ही वोट देने के लिए जानकारी दी गई व स्कूली बच्चों की सहायता लेने हेतु भी कहा गया। बच्चों ने पोस्टर व बैनर भी घर-घर जाकर चिपकाए।

सह नोडल स्वीप उमेश जोशी ने सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता तथा मतदान से संबंधित वोटर हेल्पलाइन नंबर 1950, सी विजिल एप, वोटर हेल्पलाइन और दिव्यांग मतदाता मतदान के संबंध में जानकारी दी। मतदान से संबंधित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया व बच्चों को पुरस्कार दिए गए। इस दौरान पूर्व बीईओ गोविंद प्रसाद कुनियाल, नीरज पंत, सुरेश चंद्र खोलिया, प्रधानाचार्य ममता जोशी, सुरेंद्र बिष्ट, गिरीश पंत, गोपाल प्रसाद, हरिमोहन कंसेरी, जसवीर सिंह, जीवन गिरी, अंजू गुरुरानी, सुमन कोहली, प्रेमलता कांडपाल आदि उपस्थित थे।

# गागरीगोल में निकाली मतदाता जागरूकता रैली

**बागेश्वर।** विधानसभा उपचुनाव में शत प्रतिशत मतदान के लिए स्वीप की टीम ने इंटर कॉलेज गागरीगोल में जागरूकता अभियान चलाया। छात्र-छात्राओं ने जागरूकता रैली निकालकर लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों के बीच क्विज प्रतियोगिता भी कराई गई।

मतदाता साक्षरता क्लब की ओर से आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में स्वीप के सहायक नोडल अधिकारी आलोक पांडेय ने मतदान से संबंधित हेल्पलाइन नंबर 1950, सी विजिल एप, वोटर हेल्पलाइन एप की जानकारी दी। छात्र-छात्राओं ने क्षेत्र में प्रेरणादायी नारों के साथ जागरूकता रैली निकाली।

क्विज में धीरज पांडेय, पूजा फुलारा, खुशी गोस्वामी, सचिन सिंह भरड़ा, दिनेश सिंह ने शानदार




प्रदर्शन किया और पुरस्कार प्राप्त किया।

इस मौके पर पूर्व बीईओ जीपी कुनियाल, प्रधानाचार्य किशन सिंह थायत, प्रबंधक दीपक पाठक, स्वीप के ब्लॉक प्रभारी उमेश चंद्र जोशी, हेम उपाध्याय, नीरज पंत, रीता देवी आदि मौजूद रहे। संवाद

# वाल पेंटिंग से दिया शत-प्रतिशत मतदान का संदेश

संसू, गरुड़ : स्वीप की टीम ने गरुड़ में वाल पेंटिंग बनाकर शत-प्रतिशत मतदान का संदेश दिया। स्कूली बच्चों ने दीवार पर पेंटिंग बनाकर लोगों से पांच सितंबर को प्रत्येक बूथ पर जाकर मतदान करने को कहा। स्वीप के ब्लाक प्रभारी उमेश जोशी की अगुवाई में राजकीय महाविद्यालय गरुड़, खोलिया विवेकानंद इंटर कॉलेज गरुड़, एडम्स, कंट्रीवाइड, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज पाये के बच्चों ने राइंका गरुड़ की दीवार पर लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए पेंटिंग बनाई और नारे लिखे। इस दौरान स्वीप के नोडल अधिकारी आलोक पांडे, पूर्व बीईओ जीपी कुनियाल, नीरज पंत, कन्हैया वर्मा, श्यामाचरण पाटनी, पंकज भारती, ललित जोशी, राजेश्वरी कार्की आदि उपस्थित थे।

# स्वीप की टीम ने चलाया हस्ताक्षर अभियान

गरुड़ (बागेश्वर)। स्वीप की ब्लॉक इकाई ने मतदाता जागरुकता अभियान के तहत विकास खंड के विभिन्न गांवों में जाकर मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान कराने की शपथ दिलाने के साथ हस्ताक्षर अभियान चलाया।



स्वीप के ब्लॉक प्रभारी उमेश जोशी के नेतृत्व में स्वीप की टीम ने गरुड़, धैना, गागरीगोल, डंगोली, देवनाई, लौबांज कंधार आदि गांवों में जाकर हस्ताक्षर अभियान चलाया। जागरुकता अभियान में राजेश्वरी कार्की, नीरज पंत, जेपी कुनियाल, सुरेश चंद्र जोशी, हरीश दफौटी, कन्हैया वर्मा, शंकर लाल टम्टा आदि थे। संवाद

# स्वीप की टीम ने गरुड़ के कई गांवों में मतदान का महत्व समझाया

गरुड़ (बागेश्वर)। स्वीप की टीम ने विकास खंड के विभिन्न गांवों में जाकर मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया। स्वीप के ब्लॉक प्रभारी उमेश जोशी ने कहा कि दिव्यांग मतदाता अपने घर से मत ही दे सकते है। उन्होंने विद्यार्थियों से हर मतदाता को मतदान के महत्व के बारे में जानकारी देने को कहा। उन्होंने कहा कि मतदान के दिन स्वीप की टीम वृद्ध मतदाताओं को मतदान केंद्र तक ले जाने की व्यवस्था भी करेगी।

स्वीप की टीम ने तिलसारी, मटे, पिंगलों, मैगड़ीस्टेट, गागरीगोल, पुरुड़ा, मन्यूड़ा आदि गांवों के मतदाताओं को जागरूक किया। जागरूकता अभियान में नीरज पंत, शंकर टम्टा, मोहन चंद्र जोशी, सुरेश खोलिया, गिरीश पंत, ममता जोशी, सुरेंद्र सिंह बिष्ट, हरि मोहन कंसेरी, गोपाल प्रसाद आदि शामिल थे।



बागेश्वर, कुलसारी गांव में ग्रामीणों के साथ वार्ता करती स्वीप की टीम ● जागरण

# उपचुनाव के लिए माने, लोस चुनाव का बहिष्कार

**जासं, बागेश्वर:** दो दशकों से सड़क निर्माण की मांग कर रहे गरुड़ तहसील के मनाखेत कुलसारी के ग्रामीणों ने बागेश्वर विधानसभा और लोकसभा चुनाव का बहिष्कार का एलान कर दिया। ऐसे में रविवार को स्वीप की टीम गांव पहुंची तो ग्रामीणों की नाराजगी झेलनी पड़ी। स्वीप ने उन्हें विधानसभा उप चुनाव के लिए मना लिया, जबकि लोकसभा चुनाव के बहिष्कार पर ग्रामीण अडिग रहे।

> गांव कई गंभीर समस्याओं से जूझ रहा है। रविवार को स्वीप टीम ने हमारी बातों को प्रशासन तक पहुंचाने का आश्वासन दिया है। इस विधानसभा उपचुनाव में हम मतदान करेंगे, लेकिन लोकसभा चुनाव से पहले मांग पूरी नहीं हुई तो लोकसभा चुनाव का बहिष्कार किया जाएगा। –महेंद्र सिंह बिष्ट, ग्राम प्रधान कुलसारी

टीम ने कहा कि उनकी समस्या को वह शीघ्र प्रशासन तक पहुंचाएंगे। गांव में सड़क लाने में ग्रामीणों की मदद भी करेंगे। इसके बाद ग्रामीणों ने मतदान के लिए शपथ ली। इस दौरान स्वीप के उमेश जोशी, सहायक नोडल अधिकारी आलोक पांडेय, कन्हैया वर्मा आदि थे।

amarujala.com
नैनीताल ■ शुक्रवार, 25 अगस्त 2023
अमर उजाला
10

# हस्ताक्षर अभियान से किया मतदाताओं को जागरूक

**बागेश्वर।** विधानसभा उपचुनाव में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप की टीम ने नगर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक जागरूकता कार्यक्रम कर रही है। स्वीप ने नगर क्षेत्र में हस्ताक्षर अभियान चलाया। इस मौके पर ब्लॉक प्रभारी ललित मोहन जोशी, राजीव निगम, कन्हैया वर्मा शामिल रहे। स्वीप के सहायक नोडल अधिकारी कैलाश प्रकाश चंदोला और आलोक पांडेय ने बताया कि दो टीम लगातार नगर से लेकर गांव तक मतदाताओं को जागरूक कर रही है। गरुड़ के ब्लॉक प्रभारी उमेश चंद्र जोशी के नेतृत्व में भी व्यापक जागरूकता कार्यक्रम किए जा रहे हैं। संवाद



बागेश्वर के नुमाइशखेत मार्ग पर हस्ताक्षर अभियान चलाते स्वीप के सदस्य। संवाद

# श्रद्धालुओं को दिलाई शत प्रतिशत मतदान की शपथ



**बागेश्वर।** आगामी पांच सितंबर को होने वाले विधानसभा उपचुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए निर्वाचन विभाग स्वीप के माध्यम से व्यापक जागरूकता अभियान चला रहा है। स्वीप की टीम ने दफौट के प्रसिद्ध हरज्यू मंदिर में आयोजित पूजा में भागीदारी करने आए श्रद्धालुओं को शत प्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलाई। रविवार को दफौट के हरज्यू मंदिर में आयोजित पूजा में किमोली, नायल, नौगांव, कांडे और दफौट के ग्रामीण भागीदारी कर रहे थे। स्वीप के सहायक नोडल डॉ. हरीश दफौटी, ललित जोशी, राजीव निगम और प्रकाश टाकुली की टीम ने कार्यक्रम में भागीदारी की और वहां मौजूद लोगों को उनके मत का महत्व बताया। ग्रामीणों को निर्वाचन विभाग की ओर से जारी किए गए हेल्पलाइन नंबर 1950, समर्थ एप, सी विजिल एप आदि की जानकारी दी। इस दौरान मंदिर परिसर में लगाया गया स्वीप का सेल्फी प्वाइंट लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बना। लोगों में सेल्फी प्वाइंट में फोटो खिंचवाने की होड़ लगी रही। संवाद

# स्वीप की टीम ने चलाया हस्ताक्षर अभियान



गरुड़ (बागेश्वर)। स्वीप की ब्लॉक इकाई ने मतदाता जागरुकता अभियान के तहत विकास खंड के विभिन्न गांवों में जाकर मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान कराने की शपथ दिलाने के साथ हस्ताक्षर अभियान चलाया। स्वीप के ब्लॉक प्रभारी उमेश जोशी के नेतृत्व में स्वीप की टीम ने गरुड़, धैना, गागरीगोल, डंगोली, देवनाई, लौबांज कंधार आदि गांवों में जाकर हस्ताक्षर अभियान चलाया। जागरुकता अभियान में राजेश्वरी कार्की, नीरज पंत, जेपी कुनियाल, सुरेश चंद्र जोशी, हरीश दफौटी, कन्हैया वर्मा, शंकर लाल टम्टा आदि थे। संवाद

# मतदान से मजबूत होगा अपना लोकतंत्र

**जासं, बागेश्वर** : इंटर कालेज गागरीगोल में मतदाता साक्षरता क्लब ने विधानसभा उपचुनाव में शतप्रतिशत मतदान का संकल्प लिया। उन्होंने जन जागरूकता रैली निकाली। वोटरों को वोट का महत्व बताया और निर्वाचन में भागीदारी करने का आह्वान किया।

शनिवार को स्वीप टीम कालेज पहुंची। विद्यार्थियों के लिए गोष्ठी आयोजित की। प्रबंधक दीपक पाठक ने कहा कि उपचुनाव में दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं को बूथ तक ले जाना है। जिसमें मतदाता साक्षरता क्लब अहम भूमिका निभा सकता है। स्वीप के सहायक नोडल अधिकारी आलोक पांडे ने सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता, मतदान आदि की जानकारी दी। उन्होंने वोटर हेल्प लाइन नंबर 1950, सी-विजिल एप आदि के बारे में बताया। दिव्यांग मतदाताओं को पांच अगस्त को नजदीकी मतदान बूथ तक ले जाने में सहायता मांगी। क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। अव्वल विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी गोविंद प्रसाद कुनियाल,

## चुनाव संपन्न कराने के लिए 824 कर्मी तैनात, सामग्री के लिए 250 बैग तैयार

# वेबकास्टिंग के लिए चौरानबे बूथ चिह्नित, मतदान पार्टियां ग[illegible]त

**बागेश्वर उपचुनाव**

**बागेश्वर,संवाददाता** बागेश्वर विधानसभा के लिए होने वाले उपचुनाव की तैयारी तेज हो गई है। सामान्य, व्यय व पुलिस प्रेक्ष के अलावा राज्य चुनाव निर्वाचन अधिकारी यहां पहुंचकर बैठक ले चुके हैं। 94 बूथ वेबकास्टिंग के लिए चिह्नित कर लिए हैं। मतदान सामग्री के लिए 250 बैग तैयार कर लिए हैं। 23 तथा 24 अगगस्त को मतदान कर्मियों को दूसरे चरण का रेंडमाइजेशन होगा।

पीठासीन व मतदान अधिकारियों के प्रशिक्षण के बाद मतदान पार्टियों को गठन हो गया है, मतदान पार्टी में एक पीठासीन अधिकारी के साथ ही मतदान अधिकारी प्रथम, द्वितीय व तृतीय तैनात होंगे। 88 बूथों के लिए रिजर्व सहित 206 पीठासीन, 206 मतदान प्रथम, 206 मतदान द्वितीय तथा 206 मतदान तृतीय अधिकारियों की तैनाती हुई, कुल 824 मतदान कार्मिकों की तैनाती की गई। मतदान कार्मिकों को द्वितीय प्रशिक्षण 23 व 24 अगस्त को डिग्री कॉलेज में होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराधा पाल ने बताया कि निर्वाचन के लिए पर्याप्त ईवीएम व वीवीपैट उपलब्ध है, जिनका प्रथम रेंडमाईजेशन किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि मतदान सामग्री के 250 बैग तैयार किए जा रहे है, साथ ही वेबकास्टिंग के लिए 94 बूथों का चिह्ननीकरण कर सर्वे भी कर लिया गया है। मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी ने कहा कि मतदान कर्मी टीम भावना से मिलजुल कर कार्यो को अंजाम दें।



बागेश्वर में सोमवार को शत-प्रतिशत मतदान के लिए वॉल पेंटिंग करती स्वीप की टीम। ।• हिन्दुस्तान

### शत-प्रतिशत मतदान के लिए वॉल पेंटिंग

बागेश्वर। स्वीप टीम ने उपचुनाव में शतप्रतिशत मतदान के लिए जागरूकता को वाल पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने सुंदर पेंटिंग बनाई। लोगों को मतदान का मतलब बताया और 18 वर्ष होने पर वोट डालने के लिए प्रेरित किया। राइंका वज्यूला की कला समन्वयक राजेश्वरी कार्की, डॉ. हरीश दफौटी के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता के तहत वाल पेंटिंग का आयोजन किया गया। राइंका वज्यूला के अलावा जनता जूनियर हाईस्कूल अयारतोली, राउमावि कोट फुलवाड़ी आदि के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। छात्र-छात्राओं ने विभिन्न स्लोगन, सी-विजील व सक्षम एप आदि की सुंदर वाल पेंटिंग्स बनाई। डॉ. दफौटी ने बताया कि विभिन्न एप के माध्यम से मतदान में शत-प्रतिशत प्रतिभाग करने के लिए जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान नोडल अधिकारी आलोक पांडे, प्रधानाचार्य राइंका दीपक आदि उपस्थित थे।



मैगड़ीस्टेट में पोस्टरों के साथ मतदान जागरूकता रैली निकालते स्कूली बच्चे • जागरण

# कीजिए अपने मत का दान तभी बनेगा लोकतंत्र महान


**संवाद सूत्र, गरुड़ :** स्वीप टीम ने युवा मतदाताओं और ग्रामीणों को मतदान को प्रेरित करने के लिए स्कूली बच्चों के साथ संवाद किया।

स्वीप के सहायक नोडल अधिकारी उमेश जोशी के निर्देशन में राजकीय इंटर कालेज मैगड़ीस्टेट समेत पिंगलों, गलई-कंधार, मेलाडुंगरी, घांघली, आदि स्थानों में चौपाल लगाकर पपेट शो, नुक्कड़ नाटक और क्विज का आयोजन किया गया। जनजागरूकता रैली भी निकाली। इस चुनाव में कीजिए अपने मत का दान गीत में कठपुतलियों ने आकर्षक नृत्य कर बच्चों को लुभाया। स्वीप के डीएल वर्मा, सुरेश खोलिया, पूर्व बीईओ जीपी कुनियाल ने बच्चों को वयस्क मताधिकार की जानकारी देते हुए पांच सितंबर को अपने आसपास के सभी मतदाताओं को पोलिंग बूथ पर ले जाकर शत प्रतिशत मतदान करवाने का संदेश दिया। क्विज में अव्वल आए बच्चों को आकर्षक पुरस्कार दिए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य पुनीत प्रकाश ने की। इस दौरान दीपक कोहली, अजय कुमार आदि उपस्थित थे।

# ईवीएम और वीवीपैट का रेंडमाइजेशन किया

संवाद न्यूज एजेंसी

**बागेश्वर।** सामान्य प्रेक्षक राजेश कुमार, जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराधा पाल और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में जिला कार्यालय स्थित एनआईसी कक्ष में ईवीएम और वीवीपैट मशीन का द्वितीय रेंडमाइजेशन किया गया। बागेश्वर उप निर्वाचन के लिए 291 ईवीएम का रेंडमाइजेशन किया गया। 103 ईवीएम मशीन आकस्मिकता के लिए रिजर्व में रखी गई हैं। रेंडमाइजेशन के बाद ईवीएम मशीन रिटर्निंग अधिकारी को मतदान कराने के लिए सौंपी गई। इस दौरान एडीएम चंद्र सिंह इमलाल, सीडीओ आरसी तिवारी, रिटर्निंग ऑफिसर हरि गिरि आदि मौजूद थे।




न्यूत का विमोचन करते जिला निर्वाचन अधिकारी और स्वीप के नोडल, सहायक नोडल। संवाद

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने दिया मतदाताओं को न्यूत

**बागेश्वर।** जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराधा पाल ने आगामी पांच सितंबर को होने वाले विधानसभा उपचुनाव में वोट डालने के लिए सभी मतदाताओं को न्यूत (निमंत्रण) दिया। उन्होंने स्वीप की ओर से बनाए निमंत्रण पत्र का विमोचन किया और सभी मतदाताओं से अनिवार्य रूप से मतदान करने की अपील की। जिला निर्वाचन अधिकारी पाल ने बुधवार को सभी 188 बूथों के मतदाताओं को आमंत्रण देने के लिए निमंत्रण पत्र जारी किया। निमंत्रण पत्र का डिजायन स्वीप के सहायक नोडल अधिकारी कैलाश प्रकाश चंदोला और कला समन्वयक राजेश्वरी कार्की ने तैयार किया है। निमंत्रण पत्र के माध्यम से जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदाताओं से चुनाव को उत्सव की तरह मनाने, अपने बूथ पर जाकर निडर होकर नैतिक मतदान करने और किसी प्रकार की जानकारी हासिल करने के लिए हेल्पलाइन नंबर 1950 पर संपर्क करने की अपील की है। विमोचन के मौके पर सीडीओ/नोडल अधिकारी स्वीप आरसी तिवारी, सहायक नोडल अधिकारी आलोक पांडेय भी मौजूद रहे। संवाद

# वॉल पेंटिंग से वोटर हेल्पलाइन नंबर और एप की जानकारी दी




बागेश्वर के राइंका गरुड़ में वॉल पेंटिंग करते विद्यार्थी। संवाद

**बागेश्वर।** मतदाता जागरूकता अभियान के तहत स्वीप की टीम ने गरुड़ में वॉल पेंटिंग का आयोजन किया। राइंका की दीवार पर कई स्कूल और डिग्री कॉलेज के विद्यार्थियों ने प्रेरणादायक चित्र बनाए। मतदाताओं से आगामी पांच सितंबर को अनिवार्य रूप से मतदान करने की अपील की। कला समन्वयक राजेश्वरी कार्की के नेतृत्व में आयोजित वॉल पेंटिंग में राइंका गरुड़, राबाइंका पाये, सेंट एडम्स, कंट्रीवाइड पब्लिक स्कूल, खोलिया विवेकानंद इंका गरुड़ और डिग्री कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने भागीदारी की। विद्यार्थियों ने दीवार चित्रण के माध्यम से वोटर हेल्पलाइन नंबर 1950, सी विजिल एप, वोटर हेल्पलाइन एप, दिव्यांग मतदाताओं के लिए बने सक्षम एप की जानकारी दी। चित्रों के माध्यम से लोगों के बिना किसी लालच, भय या दबाव के अपने मताधिकार का प्रयोग करने और लोकतंत्र के महापर्व में अनिवार्य रूप से भागीदारी करने की अपील की गई। स्वीप के सहायक नोडल आलोक पांडेय ने बताया कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अलग-अलग टीम प्रचार प्रसार कर रही है। नुक्कड़ सभा, दीवार चित्रण, मतदाता शपथ, पंपलेट आदि से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इस मौके पर स्वीप के ब्लॉक प्रभारी उमेश जोशी, जीपी कुनियाल, कन्हैया वर्मा, मुर्शिल सिद्दीकी, प्रीति नेगी, श्याम चरण पाटनी आदि मौजूद रहे। संवाद

# दिव्यांग व 80 प्लस पोस्टल बैलेट से देंगे वोट

## 24 से 29 अगस्त तक घर-घर जाकर टीम कराएगी मतदान, मतदान कर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण

**तैयारी**

**जागरण संवाददाता, बागेश्वर :** बागेश्वर में विधानसभा उपचुनाव को लेकर रविवार को डिग्री कालेज परिसर पर मतदान पार्टियों और माइक्रो आब्जर्वरों को पोस्टल बैलेट मतदान का प्रशिक्षण दिया गया। वह 24 से 29 अगस्त तक घर-घर जाकर दिव्यांग और 80 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाता कराएंगे। वह पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कर सकेंगे।

रिटर्निंग आफिसर हरगिरि और मास्टर ट्रेनर डा. राजीव जोशी, दीप जोशी ने मतदान कार्मिकों को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से पस्टल बैलेट से मतदान करने का सैद्धांतिक प्रशिक्षण दिया। मतदान की बारीकियां समझाईं। उन्होंने कहा कि पोस्टल बैलेट से मतदान करने वाले मतदाता के घर पर ही जाकर मतदान कराना अनिवार्य है। बीएलओ साथ में रहेंगे, पीठासीन अधिकारी बीएलओ से मतदाता की पहचान कराएंगे, उसके बाद पीठासीन अधिकारी मतदान की घोषणा का वाचन करेंगे। मतदाता का निर्वाचक नामावली में क्रमांक भाग संख्या का चिह्नकांन कर उसकी पहचान की जाएगी। उनके दस्तावेजों का रजिस्टर में पंजीकरण करेंगे। मतदान के लिए बूथ निर्माण करेंगे, ताकि मतदान की गोपनीयता बनी रहे। सभी प्रपत्रों को नियत लिफाफों में सील करना सुनिश्चित करेंगे। मतदान प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराना सुनिश्चित करेंगे। सुनिश्चित करेंगे कि मतदान की गोपनीयता कतई भंग नहीं हो। प्रशिक्षण के दौरान सहायक रिटर्निंग आफिसर दीपिका आर्या, तितिक्षा जोशी, प्रभारी अधिकारी कार्मिक संगीता आर्या, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. हरीश पोखरिया, संगम साह आदि उपस्थित थे।



बागेश्वर डिग्री कालेज परिसर पर मतदान पार्टियों को प्रशिक्षण देते दीप जोशी ( बाएं ) • जागरण



बागेश्वर जनपद के गरुड़ क्षेत्र में शत प्रतिशत मतदान के लिए हस्ताक्षर अभियान के तहत मुंह से पेन पकड़ हस्ताक्षर करते दिव्यांग लक्ष्मी दत्त पांडे • चंद्रशेखर बड़सीला

**इन्हें दिया प्रशिक्षण**

विधानसभा उपचुनाव के लिए 33 मतदान पार्टियों और 33 माइक्रो आब्जर्वरों को पोस्टल बैलेट से मतदान कराने का प्रशिक्षण दिया गया। विधानसभा में 80 वर्ष से अधिक उम्र के 943 मतदाता और 50 दिव्यांग मतदाता पोस्टल मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इसके लिए 28-28 मतदान पार्टियां और आब्जर्वर लगाए गए हैं।

## दिव्यांगों ने शत प्रतिशत मतदान को चलाया हस्ताक्षर अभियान

**संवाद सूत्र, गरुड़:** दिव्यांगों ने पांच सितंबर को शत प्रतिशत मतदान के लिए गरुड़ में हस्ताक्षर अभियान चलाया। स्वीप की टीम ने गरुड़ के दूरस्थ क्षेत्रों में मतदान जागरूकता रैली निकाली। इस मौके पर भतड़िया, डुंगलोट, सौली, कौसानी आदि दूरस्थ क्षेत्रों में मतदाता साक्षरता क्लब के तहत आगामी विधानसभा निर्वाचन में शत प्रतिशत मतदान की अपील की गई। लोगों ने शपथ ली। स्वीप के सह नोडल अधिकारी उमेश जोशी ने सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता तथा मतदान से संबंधित वोटर हेल्पलाइन नंबर 1950, सी विजिल एप, वोटर हेल्पलाइन और दिव्यांग मतदाता मतदान के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। मतदान से संबंधित क्विज प्रतियोगिता हुई। बच्चों को आकर्षक पुरस्कार दिए गए। इस दौरान पूर्व बीईओ जीपी कुनियाल, नीरज पंत, सुरेश खोलिया, किशोर कुमार, हरीश दफौटी, नवीन मिश्रा, कुंदन कोरंगा, राम सिंह, बीएलओ किरन जीना आदि उपस्थित थे।

# स्वीप टीम ने मतदाताओं को दिलाई शत प्रतिशत मतदान कराने की शपथ



गरुड़ में मतदान के लिए लोगों को शपथ दिलाती स्वीप की टीम। संवाद

गरुड़ (बागेश्वर)। स्वीप की टीम ने कौसानी, डुंगलोट, भतेड़िया में मतदाता जागरूकता रैली निकाली और मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलाई।

स्वीप के ब्लॉक प्रभारी उमेश जोशी के नेतृत्व में डुंगलोट, भतेड़िया, कौसानी पहुंची। टीम ने इन गांवों में मतदाता जागरुकता रैली निकाली। मतदाताओं से शत प्रतिशत मतदान करने को शपथ दिलाई। जागरूकता अभियान में पूर्व बीईओ जेपी कुनियाल, नीरज पंत, सुरेश खोलिया, हरीश दफौटी, नवीन मिश्रा आदि थे। संवाद

# वाल पेंटिंग से दिया शत-प्रतिशत मतदान का संदेश

संसू, गरुड़ : स्वीप की टीम ने गरुड़ में वाल पेंटिंग बनाकर शत-प्रतिशत मतदान का संदेश दिया। स्कूली बच्चों ने दीवार पर पेंटिंग बनाकर लोगों से पांच सितंबर को प्रत्येक बूथ पर जाकर मतदान करने को कहा। स्वीप के ब्लाक प्रभारी उमेश जोशी की अगुवाई में राजकीय महाविद्यालय गरुड़, खोलिया विवेकानंद इंटर कॉलेज गरुड़, एडम्स, कंट्रीवाइड, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज पाये के बच्चों ने राइंका गरुड़ की दीवार पर लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए पेंटिंग बनाई और नारे लिखे। इस दौरान स्वीप के नोडल अधिकारी आलोक पांडे, पूर्व बीईओ जीपी कुनियाल, नीरज पंत, कन्हैया वर्मा, श्यामाचरण पाटनी, पंकज भारती, ललित जोशी, राजेश्वरी कार्की आदि उपस्थित थे।

# आपका वोट, विकास के लिए करेगा चोट

**बागेश्वर।** स्वीप की टीम ने वज्यूला में मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को विधानसभा उप चुनाव में शतप्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया।

स्वीप के सहायक नोडल अधिकारी आलोक पांडेय, ब्लॉक प्रभारी उमेश जोशी ने कहा कि लोकतंत्र में मत की अहम भूमिका होती है। मताधिकार का प्रयोग कर बेहतर प्रतिनिधि का चुनाव किया जा सकता है। इसलिए सभी लोगों को मतदान अवश्य करना चाहिए।

कहा कि मतदान दिवस 8 सितंबर को एक त्योहार के रूप में लेना होगा। तभी लोकतांत्रिक परंपरा कायम रहेगी। कहा कि लोग घरों से वोट देने नहीं निकलते हैं। एक वोट से क्या फर्क पड़ता है, की धारणा बना लेते हैं। यह लोकतंत्र के लिए घातक है। लोकतंत्र में एक वोट का भी काफी महत्व होता है। कहा कि प्रत्येक मतदाता को बूथ तक जाकर मतदान करना होगा, तभी लोकतांत्रिक व्यवस्था सार्थक होगी।

वहां नीरज पंत, जीपी कुनियाल, राजेश्वरी कार्की ने लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया। संवाद




मतदाताओं को वज्यूला में जागरूक करते स्वीप के उमेश जोशी। संवाद

# श्रद्धालुओं को दिलाई शत प्रतिशत मतदान की शपथ



**बागेश्वर।** आगामी पांच सितंबर को होने वाले विधानसभा उपचुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए निर्वाचन विभाग स्वीप के माध्यम से व्यापक जागरूकता अभियान चला रहा है। स्वीप की टीम ने दफौट के प्रसिद्ध हरज्यू मंदिर में आयोजित पूजा में भागीदारी करने आए श्रद्धालुओं को शत प्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलाई। रविवार को दफौट के हरज्यू मंदिर में आयोजित पूजा में किमोली, नायल, नौगांव, कांडे और दफौट के ग्रामीण भागीदारी कर रहे थे। स्वीप के सहायक नोडल डॉ. हरीश दफौटी, ललित जोशी, राजीव निगम और प्रकाश टाकुली की टीम ने कार्यक्रम में भागीदारी की और वहां मौजूद लोगों को उनके मत का महत्व बताया। ग्रामीणों को निर्वाचन विभाग की ओर से जारी किए गए हेल्पलाइन नंबर 1950, समर्थ एप, सी विजिल एप आदि की जानकारी दी। इस दौरान मंदिर परिसर में लगाया गया स्वीप का सेल्फी प्वाइंट लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बना। लोगों में सेल्फी प्वाइंट में फोटो खिंचवाने की होड़ लगी रही। संवाद

# स्वीप की टीम ने मतदान के लिए मनाया



**बागेश्वर।** असुविधाओं से आजिज मनाखेत के लोगों ने स्वीप की टीम के मनाने पर चुनाव बहिष्कार का फैसला बदल लिया है। लोग उप चुनाव में मतदान करने पर सहमत हो गए हैं। हालांकि ग्रामीणों ने मांग पूरी करने के लिए लोकसभा चुनाव तक का वक्त दिया है। मनाखेत कुरसाली के ग्रामीणों ने सड़क न होने से हो रही दिक्कतों का मामला जिला प्रशासन के सामने उठाया था। चुनाव बहिष्कार की चेतावनी दी थी। जिला प्रशासन के निर्देश पर स्वीप के ब्लॉक प्रभारी उमेश जोशी, सहायक नोडल आलोक पांडेय, कन्हैया वर्मा आदि ने रविवार को गांव पहुंचकर लोगों से वार्ता की। लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया। ग्राम प्रधान महेंद्र सिंह बिष्ट ने कहा कि असुविधाओं के कारण 1200 से अधिक आबादी वाले गांव से 40 प्रतिशत लोग पलायन कर गए हैं। ग्राम पंचायत के लोग विधानसभा उप चुनाव में मतदान करेंगे, लेकिन लोकसभा चुनाव से पहले मांग पूरी नहीं हुई तो लोकसभा चुनाव का बहिष्कार किया जाएगा। संवाद

# स्वीप ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

गरुड़। ब्लॉक के मतदान केंद्र जिनखोला में स्वीप टीम ने घर-घर जाकर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। इस मौके पर स्वीप के ब्लाक प्रभारी उमेश जोशी की अगुवाई में शत-प्रतिशत मतदान की अपील करते हुए जागरुकता रैली भी निकाली गई। यहां नीरज पंत, सुरेश खोलिया, जेपी कुनियाल, चंद्रकांत सिंह भंडारी, रमेश भाकुनी, जानकी, पूना, संतोष कुमार, गिरीश राम, हंसी देवी, राधा देवी, हेमा बोरा, माया देवी आदि मौजूद थे।

# लोकतंत्र की मजबूती के लिए करें मतदान

**जासं, बागेश्वर :** विधानसभा उपचुनाव में शतप्रतिशत और निष्पक्ष मतदान के लिए कलक्ट्रेट से रथ रवाना हो गया है। यह वोटरों को जागरूक करेगा। आगामी पांच सितंबर को मतदान के लिए आमंत्रण देगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराधा पाल ने सोमवार को रथ को हरी झंडी दिखाई। स्वीप का यह रथ गांव-गांव जाएगा। मतदाताओं को मजबूत लोकतंत्र के लिए सबकी भागीदारी थीम पर जागरूक करेगा। उन्होंने कहा कि मतदान लोकतंत्र का अनिवार्य हिस्सा है। सभी मतदाताओं को बिना किसी दबाव में निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान प्रक्रिया में भाग लेकर लोकतंत्र को मजबूत करना चाहिए। किसी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना अपने मताधिकार का प्रयोग करें। इस दौरान सहायक नोडल अधिकारी स्वीप कैलाश प्रकाश चंदोला, आलोक पांडे, ललित मोहन जोशी, आरिफ खान आदि उपस्थित थे।

# गागरीगोल में निकाली मतदाता जागरूकता रैली

**बागेश्वर।** विधानसभा उपचुनाव में शत प्रतिशत मतदान के लिए स्वीप की टीम ने इंटर कॉलेज गागरीगोल में जागरूकता अभियान चलाया। छात्र-छात्राओं ने जागरूकता रैली निकालकर लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों के बीच क्विज प्रतियोगिता भी कराई गई।

मतदाता साक्षरता क्लब की ओर से आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में स्वीप के सहायक नोडल अधिकारी आलोक पांडेय ने मतदान से संबंधित हेल्पलाइन नंबर 1950, सी विजिल एप, वोटर हेल्पलाइन एप की जानकारी दी। छात्र-छात्राओं ने क्षेत्र में प्रेरणादायी नारों के साथ जागरूकता रैली निकाली।

क्विज में धीरज पांडेय, पूजा फुलारा, खुशी गोस्वामी, सचिन सिंह भरड़ा, दिनेश सिंह ने शानदार



प्रदर्शन किया और पुरस्कार प्राप्त किया।

इस मौके पर पूर्व बीईओ जीपी कुनियाल, प्रधानाचार्य किशन सिंह थायत, प्रबंधक दीपक पाठक, स्वीप के ब्लॉक प्रभारी उमेश चंद्र जोशी, हेम उपाध्याय, नीरज पंत, रीता देवी आदि मौजूद रहे। संवाद

# दिव्यांग व 80 प्लस पोस्टल बैलेट से देंगे वोट

## 24 से 29 अगस्त तक घर-घर जाकर टीम कराएगी मतदान, मतदान कर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण

**तैयारी**

जागरण संवाददाता, बागेश्वर : बागेश्वर में विधानसभा उपचुनाव को लेकर रविवार को डिग्री कालेज परिसर पर मतदान पार्टियों और माइक्रो आब्जर्वरों को पोस्टल बैलेट मतदान का प्रशिक्षण दिया गया। वह 24 से 29 अगस्त तक घर-घर जाकर दिव्यांग और 80 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाता कराएंगे। वह पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कर सकेंगे।

रिटर्निंग आफिसर हरगिरि और मास्टर ट्रेनर डा. राजीव जोशी, दीप जोशी ने मतदान कार्मिकों को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से पस्टल बैलेट से मतदान करने का सैद्धांतिक प्रशिक्षण दिया। मतदान की बारीकियां समझाईं। उन्होंने कहा कि पोस्टल बैलेट से मतदान करने वाले मतदाता के घर पर ही जाकर मतदान कराना अनिवार्य है। बीएलओ साथ में रहेंगे, पीठासीन अधिकारी बीएलओ से मतदाता की पहचान कराएंगे, उसके बाद पीठासीन अधिकारी मतदान की घोषणा का वाचन करेंगे। मतदाता का निर्वाचक नामावली में क्रमांक भाग संख्या का चिह्नकांन कर उसकी पहचान की जाएगी। उनके दस्तावेजों का रजिस्टर में पंजीकरण करेंगे। मतदान के लिए बूथ निर्माण करेंगे, ताकि मतदान की गोपनीयता बनी रहे। सभी प्रपत्रों को नियत लिफाफों में सील करना सुनिश्चित करेंगे। मतदान प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराना सुनिश्चित करेंगे। सुनिश्चित करेंगे कि मतदान की गोपनीयता कतई भंग नहीं हो। प्रशिक्षण के दौरान सहायक रिटर्निंग आफिसर दीपिका आर्या, तितिक्षा जोशी, प्रभारी अधिकारी कार्मिक संगीता आर्या, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. हरीश पोखरिया, संगम साह आदि उपस्थित थे।



बागेश्वर डिग्री कालेज परिसर पर मतदान पार्टियों को प्रशिक्षण देते दीप जोशी (बाएं) ● जागरण



बागेश्वर जनपद के गरुड़ क्षेत्र में शत प्रतिशत मतदान के लिए हस्ताक्षर अभियान के तहत मुंह से पेन पकड़ हस्ताक्षर करते दिव्यांग लक्ष्मी दत्त पांडे ● चंद्रशेखर बड़सीला

### इन्हें दिया प्रशिक्षण

विधानसभा उपचुनाव के लिए 33 मतदान पार्टियों और 33 माइक्रो आब्जर्वरों को पोस्टल बैलेट से मतदान कराने का प्रशिक्षण दिया गया। विधानसभा में 80 वर्ष से अधिक उम्र के 943 मतदाता और 50 दिव्यांग मतदाता पोस्टल मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इसके लिए 28-28 मतदान पार्टियां और आब्जर्वर लगाए गए हैं।

## दिव्यांगों ने शत प्रतिशत मतदान को चलाया हस्ताक्षर अभियान

संवाद सूत्र, गरुड़: दिव्यांगों ने पांच सितंबर को शत प्रतिशत मतदान के लिए गरुड़ में हस्ताक्षर अभियान चलाया। स्वीप की टीम ने गरुड़ के दूरस्थ क्षेत्रों में मतदान जागरूकता रैली निकाली। इस मौके पर भतड़िया, डुंगलोट, सोली, कौसानी आदि दूरस्थ क्षेत्रों में मतदाता साक्षरता क्लब के तहत आगामी विधानसभा निर्वाचन में शत प्रतिशत मतदान की अपील की गई। लोगों ने शपथ ली। स्वीप के सह नोडल अधिकारी उमेश जोशी ने सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता तथा मतदान से संबंधित वोटर हेल्पलाइन नंबर 1950, सी विजिल एप, वोटर हेल्पलाइन और दिव्यांग मतदाता मतदान के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। मतदान से संबंधित क्विज प्रतियोगिता हुई। बच्चों को आकर्षक पुरस्कार दिए गए। इस दौरान पूर्व बीईओ जीपी कुनियाल, नीरज पंत, सुरेश खोलिया, किशोर कुमार, हरीश दफौटी, नवीन मिश्रा, कुंदन कोरंगा, राम सिंह, बीएलओ किरन जीना आदि उपस्थित थे।

# स्वीप टीम ने मतदाताओं को दिलाई शत प्रतिशत मतदान कराने की शपथ



गरुड़ में मतदान के लिए लोगों को शपथ दिलाती स्वीप की टीम। संवाद

गरुड़ (बागेश्वर)। स्वीप की टीम ने कौसानी, डुंगलोट, भतेड़िया में मतदाता जागरूकता रैली निकाली और मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलाई।

स्वीप के ब्लॉक प्रभारी उमेश जोशी के नेतृत्व में डुंगलोट, भतेड़िया, कौसानी पहुंची। टीम ने इन गांवों में मतदाता जागरुकता रैली निकाली। मतदाताओं से शत प्रतिशत मतदान करने को शपथ दिलाई। जागरूकता अभियान में पूर्व बीईओ जेपी कुनियाल, नीरज पंत, सुरेश खोलिया, हरीश दफौटी, नवीन मिश्रा आदि थे। संवाद

# वाल पेंटिंग से मतदान के लिए किया जागरूक

जासं, हल्द्वानी : स्वीप टीम ने उपचुनाव में शतप्रतिशत मतदान के लिए वाल पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की। विद्यार्थियों ने सुंदर पेंटिंग बनाई। लोगों को मतदान का मतलब बताया और 18 वर्ष होने पर वोट डालने के लिए प्रेरित किया।

राइंका वज्यूला की कला समन्वयक राजेश्वरी कार्की, डा. हरीश दफौटी के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता के तहत वाल पेंटिंग का आयोजन किया गया। राइंका वज्यूला के अलावा जनता जूनियर हाईस्कूल अयारतोली, राउमावि कोट फुलवाड़ी आदि के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभा किया। मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया। विभिन्न स्लोगनों, सी-विजील, सक्षम एप आदि की सुंदर वाल पेंटिंग्स बनाई। कला समन्वयक कार्की ने कहा की इन सभी कार्यक्रमों का उद्देश्य लोकतंत्र के जागरूक मतदाता को मतदान में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करने हेतु प्रेरित करना है। इस दौरान नोडल अधिकारी आलोक पांडे, प्रधानाचार्य राइंका दीपक आर्य, मोहन राम, हरीश चौहान, आरके मिश्रा, उमेश जोशी आदि उपस्थित थे।

# शत प्रतिशत मतदान करने का दिलाया संकल्प

संवाद न्यूज एजेंसी

**बागेश्वर/गरुड़।** विधानसभा उपचुनाव की तिथि समीप आती जा रही है, वहीं मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप का अभियान भी तेज हो रहा है। नगर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक स्वीप की टीम लगातार मतदाताओं को जागरूक कर आगामी पांच सितंबर को अधिकाधिक संख्या में मतदान करने के लिए प्रेरित कर रही है।

स्वीप की एक टीम बागेश्वर और एक गरुड़ विकासखंड में जागरूकता कार्यक्रम कर रही है। बागेश्वर की टीम ने ब्लॉक प्रभारी ललित मोहन जोशी के नेतृत्व में डोबा, धारी, जौलकांडे, शीशाखानी आदि गांवों में जाकर नुक्कड़ सभा, पोस्टर, पंपलेट के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया।

वहीं गरुड़ ब्लॉक प्रभारी उमेश जोशी के नेतृत्व में दूसरी टीम ने मेलाडुंगरी, घांघली, गलई, कंधार, पिंगलो और मैगड़ीस्टेट गांवों में व्यापक जागरूकता कार्यक्रम किए। इस दौरान हस्ताक्षर अभियान, सेल्फी प्वाइंट, मतदान शपथ के माध्यम से मतदाताओं से लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान करने की अपील की गई।



बागेश्वर के मैगड़ीस्टेट में मतदान की शपथ लेते ग्रामीण। संवाद

**राजनीतिक दलों की आवाजाही से गांव गुलजार** : *विधानसभा उपचुनाव से गांवों में भी चहल-पहल बढ़ गई है। गांव नेताओं से गुलजार हैं। नगरों के साथ ही कस्बा, बाजारों में रौनक बनी है। राजनीति की दलों के नेताओं की आवाजाही से गांव के छोटे-छोटे बाजारों की रौनक भी बढ़ी है। चुनाव से दुकानदारों की आमदनी में भी इजाफा हुआ है। टोलियां गांव, कस्बे में पहुंच रही हैं। जाहिर है कि बाजारों की दुकानों में हल्की-फुल्की खरीदारी भी प्रचार दल में शामिल लोग कर रहे हैं। राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं को चुनाव के जरिए काम मिला हुआ है तो ग्रामीण बाजारों में दुकान चलाकर परिवार का भरण-पोषण करने वाले लोग भी कुछ आमदनी कर ले रहे हैं। कुल मिलाकर चुनाव ग्रामीण इलाकों की रौनक का कारण बन रहा है। यह रौनक मतदान तिथि पांच सितंबर तक बनी रहेगी। संवाद*

## मतदान के लिए विद्यार्थियों ने चलाया हस्ताक्षर अभियान

**बागेश्वर।** पंडित बद्रीदत्त पांडेय परिसर में मतदाता साक्षरता क्लब ने जागरूकता कार्यक्र का आयोजन किया। हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से युवाओं को आगामी पांच सितंबर अनिवार्य रूप से मतदान करने के लिए प्रेरित किया। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने सक्रिय भागीदारी की और हस्ताक्ष अभियान में भाग लेकर लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान करने और अन्य लोगों को भ जागरूक करने का संकल्प लिया। मतदाता साक्षरता क्लब की नोडल अधिकारी गीता ने बताया कि परिसर में पढ़ने वाले सभी विद्यार्थि को जागरूक कर वोट डालने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस मौके पर डॉ. राखी वाल्मीकि, डॉ. अनुपमा पांडेय, डॉ. जीवन सिं गढ़िया आदि मौजूद रहे। संवाद